मंगलवार

12 सितंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




जदयू नेताओं से बोले सीएम चुनाव कभी भी हो, तैयार रहें

2



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपन्न हुए शिखर सम्मेलन की हुई सराहना

# जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में छाया भारत

- मोदी की कूटनीतिक जीत में भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन में विभाजित विश्व शक्तियों के बीच समझौता कराया

**एजेंसी/नई दिल्ली**

जी-20 शिखर सम्मेलन संपन्न होने के बाद अधिकांश अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भारत की तारीफ की है और ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में इसके बढ़ते दबदबे का जिक्र किया है। सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणापत्र (दिल्ली डेक्लेरेशन) को पूरी सहमति के साथ समूह की ओर से स्वीकार किया गया। इस बात ने वैश्विक मीडिया का ध्यान खींचा है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, द वाशिंगटन पोस्ट ने वैश्विक चिंताओं को उठाने और सभी विकास संबंधी और भू-राजनीतिक मुद्दों पर 100 फीसदी आम सहमति हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की है। अखबार ने इस खबर का टाइटल लिखा, मोदी की कूटनीतिक जीत में भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन में विभाजित विश्व शक्तियों के बीच समझौता कराया।

**विविधता और सद्भाव की दुनिया को मिल रहा आकार:** दुबई आधारित मीडिया संगठन गल्फ न्यूज ने जी 20 शिखर सम्मेलन को इस रूप में लिखा कि यह दुनिया को सद्भाव और विविधता के रूप में आकार दे रहा है। खबर का शीर्षक है, 18वां जी-20 शिखर सम्मेलनः विविधता और सद्भाव की दुनिया को मिल रहा आकार। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई न्यूज आउटलेट एबीसी न्यूज ने यूक्रेन संघर्ष को लेकर दिल्ली डेक्लेरेशन को इसकी भाषा में कमजोर बताया। मीडिया आउटलेट ने लिखा, जैसे ही जी-20 शिखर सम्मेलन समाप्त हुआ, एंथनी अल्बनीज ने कमजोर समझौते की सराहना की। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बताया था और यह भी कहा था कि सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं के बीच अच्छी द्विपक्षीय चर्चा हुई।




## ब्रिटेन, कतर और हांगकांग की मीडिया ने की सराहना

ब्रिटिश दैनिक द टेलीग्राफ ने अपनी खबर के शीर्षक में लिखा, भारत न्यू वर्ल्ड ऑर्डर का केंद्र बनने की ओर क्यों अग्रसर है? बता दें कि भारत की अध्यक्षता ने जलवायु संकट जैसी आम चुनौतियों से निपटने के साधन के रूप में मल्टी स्टेकहोल्डर कोलैबोरेशन को महत्व दिया है और ग्लोबल हारमनी और ग्रीन फाइनेंस का मार्ग दिखाया। कतर आधारित अल जजीरा ने रूस की ओर से की गई तारीफ का जिक्र किया. खबर की हेडलाइन इस प्रकार रही- शिखर सम्मेलन के समापन पर रूस ने 'संतुलित' डिक्लेरेशन की सराहना की वहीं, साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर में कहा गया, भारत में बैठक समाप्त होने पर अमेरिका, रूस ने जी20 समिट के डिक्लेरेशन की तारीफ की। अंग्रेजी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने जी-20 के लिए नई दिल्ली पहुंचे जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज का बयान छापा। जर्मन चांसलर ने मीडिया से बात करते हुए जी-20 में पेश घोषणापत्र की तारीफ की है। जर्मन चांसलर ने इसे भारत की कूटनीतिक जीत बताया है। ओलाफ ने कहा कि आखिरकार रूस को भी अपना विरोध छोड़कर उस घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने पड़े, जिसमें यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के बारे में कहा गया है।



**कोहली की विराट पारी...** विराट कोहली ने सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के मैच में 122 रनों की धुआंधार पारी खेल एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 13,000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने हमवतन खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। वह वनडे में 13,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के पांचवें और भारत के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। यह स्टार बल्लेबाज वह अपने करियर का 47वां शतक लगाने में सफल रहा। कोहली और केएल राहुल की शानदार शतकीय पारी की बदौलत भारत ने चीर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ 356 रनों का स्कोर खड़ा करने में कामयाब रहा। जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 128 रन पर ढेर हो गई।

# डेंगू से कर्नाटक का बुरा हाल अब तक 7000 से अधिक केस



**एजेंसी/बेंगलुरु**

कर्नाटक में डेंगू के बढ़ते मामले के मद्देनजर राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को कहा कि उन्होंने अधिकारियों को मच्छर जनित इस रोग के प्रसार की रोकथाम करने के लिए सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया है। इन पर लगाम लगाने के लिए राज्य सरकार ने अब कमर कस ली। सिद्धारमैया ने लोगों से अपने घर के आसपास साफ-सफाई को प्राथमिकता देने का आग्रह भी किया।

मुख्यमंत्री ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, पिछले कुछ दिनों में राज्यभर में डेंगू के 7000 से अधिक मामले सामने आए हैं, जिनमें से 4,000 से अधिक मामले केवल बेंगलुरु शहर से हैं। सिद्धारमैया ने कहा, 'डेंगू के मामले में वृद्धि के बारे में संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात की और उन्हें सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। शहर में, मच्छरों को नियंत्रित करने के लिए रसायनों के छिड़काव, पानी जमा होने वाले स्थानों की पहचान करने और उन्हें साफ करने सहित प्रभावी उपाय अपनाए जा रहे हैं।

## सीएम बोले... डेंगू से डरें नहीं, जागरूक रहें

सीएम ने कहा, मैं जनता से अनुरोध करता हूं कि वे घर के आसपास साफ-सफाई को प्राथमिकता दें और सावधान रहें। डेंगू से डरें नहीं, जागरूक रहें। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि डेंगू की प्रभावी निगरानी और रोकथाम के लिए एक रोग निगरानी डैशबोर्ड की शुरूआत की गई है एक मोबाइल ऐप जारी किया गया है। मोबाइल एप भी डैशबोर्ड से जुड़ा हुआ एप्लिकेशन है, लेकिन यह स्वतंत्र रूप से कार्य करता है। अभी तक, मोबाइल एप को बीबीएमपी क्षेत्राधिकार में संचालित किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि डैशबोर्ड तक अभी तक केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ता और स्वास्थ्य अधिकारी ही पहुंच सकते हैं और जल्द ही इसे जनता के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

## मणिपुर में फिर सक्रिय हो रहे आतंकी समूह

**इंफाल।** मणिपुर में लंबे समय से जारी हिंसा के बीच एक चिंता बढ़ाने वाली खबर सामने आई है। अधिकारियों ने दावा किया है कि राज्य में निष्क्रिय आतंकी समूह फिर से सक्रिय हो रहे हैं। इसके कारण तनाव बढ़ गया है। साथ ही केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने अशांत मणिपुर राज्य में तनाव फैलाने के लिए किसी भी विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ में आतंकवादियों के शामिल होने की संभावना के बारे में भी चेतावनी दी है। अधिकारियों की यह चेतावनी बीते सप्ताह सेना के एक लेफ्टिनेंट कर्नल के घायल होने के बाद आई है। लेफ्टिनेंट कर्नल मीरा पैबिस सहित भीड़ के गतिरोध के दौरान घायल हो गए थे। इस भीड़ ने टेंगनौपाल जिले के पलेल के पास मोलनोई गांव में आदिवासियों पर हमला करने की कोशिश की थी। हालांकि सेना और असम राइफल्स ने उन्हें रोक दिया गया था। अधिकारियों का कहना है कि प्रतिबंधित समूहों यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के आतंकवादी कथित तौर पर इस भीड़ में शामिल थे।

# भारी बारिश से उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात, 19 लोगों की गई जान

**एजेंसी/लखनऊ**

देश के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश की वजह से लोगों पर आफत टूट पड़ी है। उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं जबकि दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में जलभराव देखा गया। यूपी में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 19 व्यक्तियों और 140 भेड़ों की मौत हो गई। बारिश के कारण उत्तराखंड में भी भूस्खलन हुआ है। मौसम विभाग ने कई राज्यों के लिए अगले कुछ दिनों में और भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते जगह-जगह भारी जलभराव की समस्या बन गई है। बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर भी भारी बारिश का असर देखने को मिला और रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया है।



राज्य राहत आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान बारिश से जुड़ी घटनाओं में 11 व्यक्तियों की मौत हुई है। कन्नौज जिले के ललकियापुर गांव में बारिश के कारण कच्चा मकान गिरने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। भारी बारिश और डूबने से संबंधित घटनाओं में हरदोई में चार, देवरिया, कानपुर शहर, रामपुर, संभल और उन्नाव में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। लखनऊ के डीएम सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि पिछले 24 घंटों में, लखनऊ में 99 मिमी बारिश हुई है। नगर निगम की एक टीम सुबह से ही बारिश का पानी निकालने का काम कर रही है। मैंने गोमती बैराज पर नदी के जल स्तर की भी समीक्षा की थी और उसके अनुसार आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया था। लखनऊ के हजरतगंज क्षेत्र में भारी बारिश के कारण जलभराव हुआ। यूपी के मुरादाबाद, हरदोई में भी बारिश के कारण जगह-जगह पानी भर गया है।

विंध्याचल डिविजन में 50 लाख रु. से ऊपर के 73 प्रोजेक्ट्स पूरे, 177 पर चल रहा काम

# विंध्य क्षेत्र के विकास पर है सीएम योगी का ध्यान

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

योगी सरकार ने विंध्याचल क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। सीएम योगी की मंशा हमेशा से ही विंध्य क्षेत्र के समेकित विकास की रही और यही कारण है कि विंध्य डिविजन में अब तक 50 लाख रुपए से ज्यादा की लागत वाले 73 प्रोजेक्ट्स को निर्धारित समयावधि में पूरा कर लिया गया है। वहीं, 177 प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं जिन पर काम अभी जारी है और इस फेहरिस्त में विंध्य कॉरीडोर व सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज जैसे सरकारी मेगा प्रोजेक्ट्स भी शामिल हैं। ऐसे में, योगी सरकार ने इन सभी प्रोजेक्ट्स की रेगुलर मॉनिटरिंग, परियोजनाओं से संबंधित समस्याओं के निराकरण और उच्च गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यों को सुनिश्चित किए जाने की दिशा में विस्तृत कार्ययोजना के अनुरूप कार्य करना शुरू कर दिया है।

## ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं

सोनभद्र में चाहे थाना पिपरी बैरक हॉस्टल हो, आईटीआई दूधी हो, नगवन बांध में रिपेयर वर्क हो, या फिर गऊ संरक्षण केंद्र, इन सभी परियोजनाओं को या तो पूर्ण कर लिया गया है या फिर यह पूर्ण होने के अंतिम चरण में हैं। विंध्य क्षेत्र में जारी इंफ्रास्ट्रक्चरल प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग खुद मुख्य सचिव द्वारा भी की जा रही है और उनके समक्ष जो रिपोर्ट पेश की गई है उसमें यह विवरण दिए गए हैं। विंध्य कॉरीडोर व सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स को लेकर योगी सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि परियोजनाओं की पूर्ति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर उसके निराकरण की प्रक्रिया अपनाई जाए और किसी प्रकार की ढिलाई की गुंजाइश नहीं है। यही कारण है कि मिर्जापुर में निमार्णाधीन आयुष अस्पताल में निर्माण कार्य की प्रगति कार्ययोजना के अनुरूप न होने के कारण कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया भी प्रस्तावित है।

## समय-समय पर काम की मॉनिटरिंग

प्रोजेक्ट्स के कंप्लीशन के लिए भूमि अधिग्रण, वन विभाग से क्लियरेंस, एसआईटी इन्क्वायरी, युटिलिटी शिफ्टिंग, बजट आवंटन, उचित जनशक्ति उपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण निर्माण, टेंडरिंग प्रक्रिया में विलंब जैसे व्यवधानों के निराकरण के लिए रिव्यू मीटिंग्स की एक सतत प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसमें कमिश्नर, डीएम, सीडीओ, जिला स्तर के अन्य अधिकारी तथा फंडिंग एजेंसीज प्रतिभाग करेंगी और साइट विजिट के साथ ही किसी भी परियोजना से संबंधित कोई भी बाधा उत्पन्न होने पर सभी संबंधित अधिकारी अपने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के संदर्भ में मामले को जल्द से जल्द दर्ज कराएंगे। इस प्रकार क्षेत्र में लंबित परियोजनाओं के अंतर्गत आ रही कठिनाइयों के निराकरण का एक इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है जिसकी समय-समय पर लखनऊ से भी मॉनिटरिंग होती रहेगी।

**तीन सूत्रीय एजेंडा पर हो रहा काम:** रिपोर्ट के अनुसार, 50 लाख से ज्यादा की लागत वाले प्रोजेक्ट्स में से मिर्जापुर में 31 प्रोजेक्ट्स पूर्ण हो गए हैं, 75 पर कार्य जारी है। वहीं, भदोही में 18 प्रोजेक्ट्स पूर्ण कर लिया गया है, 48 पर कार्य जारी है। सोनभद्र क्षेत्र में 24 परियोजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है, 54 पर कार्य जारी है। जिन प्रोजेक्ट्स पर अभी कार्य जारी है उन्हें जल्द पूरा करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है जिसमें मुख्य रूप से त्रिसूत्रीय एजेंडे का निर्धारण किया गया है। इनमें स्टेकहोल्डर्स व इश्यूज के निर्धारण, निर्माण कार्यों में आ रही चुनौतियों के चिन्हन और निराकरण को प्रमुखता दी गई है।




## जनता दरबार में फरियादी ने की शिकायत, बोली...

# मेरे खाते से 85 हजार रु. कर लिया गया है गबन



- सीएम नीतीश कुमार ने सुनी 37 लोगों की शिकायत
- संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को आयोजित जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। इसमें मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 37 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम में किशनगंज जिले से आयी एक महिला फरियादी ने कहा कि मेरे पति जो मदरसा बोर्ड में नौकरी करते थे, उनका निधन होने के बाद अब तक अनुकंपा पर नौकरी नहीं मिल पायी है। सीतामढ़ी जिले से आये एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मैंने अपनी बेटी के नाम पर पोस्ट ऑफिस में 85 हजार रुपया जमा किया था। जब पैसा निकालने गया तो वहां के कर्मचारियों ने बताया कि आपके खाते में एक भी पैसा नहीं है। पोस्ट ऑफिस के कर्मियों की मिलीभगत से मेरे पैसे का गबन कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

वहीं किशनगंज जिले से ही आये एक अन्य फरियादी ने मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि मेरे पिताजी का कोरोना के कारण निधन हो गया था लेकिन उनके निधन के बाद मिलनेवाली सहायता राशि अब तक परिवार को नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समस्तीपुर जिले से ही आयी एक महिला ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका के नियोजन में अनियमितता बरती जा रही है जिसके कारण मेरा नियोजन नहीं हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### जमुई में सरकारी जमीन का हो रहा अतिक्रमण

जमुई जिले से आए एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि हमारे यहां सरकारी जमीन का कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कैमूर जिले से आये एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से फरियाद करते हुए कहा कि मेरा पुत्र गंभीर बीमारी से पीड़ित है मेरी आर्थिक स्थिति दयनीय है। इलाज हेतु मुझे आर्थिक मदद की जरुरत है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पटना जिले से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए कहा कि वर्ष 2010 से वर्ष 2016 तक मुझे विधवा पेंशन योजना के तहत मिलनेवाली राशि का भुगतान हो रहा था लेकिन उसके बाद से विधवा पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। भोजपुर जिले से आयी एक छात्रा ने मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए कहा कि मैंने वर्ष 2019 में स्नातक पास की है लेकिन मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मिलनेवाली प्रोत्साहन राशि अब तक नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# जदयू नेताओं से बोले सीएम... चुनाव कभी भी हो, पूरी तरह तैयार रहें

- नीतीश कुमार ने जेडीयू नेताओं के साथ की मैराथन बैठक
- मुख्यमंत्री ने 51 जिलाध्यक्षों से उनके जिले का लिया फीडबैक

**केटी न्यूज/पटना**

लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जेडीयू नेताओं के साथ मैराथन बैठक की। इस दौरान नीतीश कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव कभी भी हो, पूरी तरह से तैयार रहें। उन्होंने कहा कि सरकार के 18 सालों के विकास कार्यों को जनता तक मजबूती से पहुंचाए। साथ ही संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करें।



सरकार के विकास कार्य जनता तक ठीक से पहुंच रहे हैं कि नहीं इसका जायजा लेते रहें। बैठक में मुख्यमंत्री ने 51 जिलाध्यक्षों से उनके जिले का फीडबैक लिया। सभी ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने-अपने जिले में चल रहे पार्टी के कार्यक्रमों की चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्या का समाधान ही हमारी पूंजी है। नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से हो रहे दुष्प्रचार का कारगर जवाब दें। मुख्यमंत्री ने जदयू जिलाध्यक्षों को यह हिदायत दी कि नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से उनकी पार्टी या सरकार के खिलाफ अगर कोई दुष्प्रचार होता है तो उसका कारगर जवाब दें। राजनीतिक चुनौतियों का प्रतिकार करना जरूरी है। आईएनडीआईए के प्रति सक्रियता से काम करना है। मुख्यमंत्री ने जिलाध्यक्षों को यह बताया कि किस परिस्थिति में आईएनडीआईए का गठन हुआ है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याएं बढ़ीं है। लोग परेशान हैं कि उनके हित में काम नहीं हो रहा। इसलिए आईएनडीआई के प्रति खुद को सजग रखें। पंचायत लेवल पर बूथ कमेटी बन जाए इसे भी देखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर तक बूथ कमेटी का गठन हो इसे भी दिखें। इस काम में पार्टी के लोगों को लगाएं और बात भी करते रहें। मुख्यमंत्री ने जदयू जिलाध्यक्षों को यह कहा कि नयी पीढ़ी को भी देश निर्माण के लिए प्रशिक्षित कीजिए। वह मोबाइल या फिर नई टेक्नोलॉजी के खिलाफ नहीं हैं, पर युवा पीढ़ी में लिखने की आदत खत्म नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाध्यक्षों से यह फीडबैक लिया कि उनके जिले में क्या चल रहा है। इस क्रम में जाति आधारित गणना में केंद्र सरकार के विरोध को केंद्र में रख जदयू के पोलखोल अभियान, कपूर्री चर्चा व भीम संवाद जैसे कार्यक्रमों की मुख्यमंत्री ने रिपोर्ट ली।

# हाजीपुर में सोना लूटकांड केस के आरोपी की गोली मार हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

देश के सबसे बड़े सोना लूटकांड केस के आरोपी की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने उसे 6 गोली मारी। घटना हाजीपुर के आरएन कॉलेज के पास की है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। घायल को उसके दोस्तों अस्पताल लेकर गए लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल में मृतक की बहन और बुआ भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सदर अस्पताल में नगर थाने की पुलिस भी पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में अब जुट गई है। पुलिस के मुताबिक, मरने वाले की पहचान नगर थाना क्षेत्र के बाग दुल्हन निवासी नियाज कौशल के पुत्र युसूफ कौशल उर्फ हनी राज के रूप में शामिल था। पुलिस का कहना है कि हनी राज का अपराधिक प्रवृति का था। उसा पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। 23 नवंबर 2019 को हाजीपुर के सिनेमा रोड स्थित मुथूट फाइनेंस बैंक से लगभग 55 किलो सोना लूट लिया गया था। लूटकांड में शामिल आरोपियों में एक हनी राज भी था।

**5 महीना पहले ही जेल से आया था बाहर:** हनी राज 5 महीने पहले ही हनी हाजीपुर के मुथूट फाइनेंस लूटकांड में जेल से छूटकर बाहर आया था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इससे पहले 3 जनवरी 2020 में एक हाजीपुर जेल में बंद कैदी को गोली मारकर जेल के अंदर हत्या कर दी गई। सोना लूट कांड के आरोपी मनीष कुमार को जेल के अंदर गोली मारी गईं थी। अपराधी मनीष कुमार सिंह जो बिदुपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला था। मनीष कुमार सोना लूट गैंग का सदस्य था। उसके सिर में गोली मारी गई थी। पुलिस ने आरोपी को जेल के अंदर से गिरफ्तार भी किया था।

**आरएन कॉलेज पोखरी के पास 4 अपराधियों ने मारी गोली**सदर एसडीपीओ ओम प्रकाश ने बताया कि हाजीपुर के नगर थाना क्षेत्र के आरएन कॉलेज पोखरी के समीप दो बाइक सवार 4 अज्ञात अपराधियों के द्वारा हनी राज की गोली मारकर हत्या कर दी। उसका अपराधिक इतिहास भी रहा है।

# पटना में भाजपा के पूर्व विधायक की कार से कुचलकर बच्ची की मौत

**पटना।** पटना में भाजपा के पूर्व विधायक के तेज रफ्तार कार से एक बच्ची की कुचलने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उस वाहन को जप्त कर लिया है। फिलहाल आगे की कार्वाई में जुट गई है। पुलिस का कहना है है कि घटना के वक्त पूर्व भाजपा विधायक भी उस गाड़ी में सवार थे। मृतक बच्ची की पहचान अररिया जिला के टेढ़ेटी निवासी मोहम्मद सबीर आलम की पुत्री अमारा (9) के रूप में की गई है।

घटना के संबंध में कोतवाली थानाध्यक्ष संजीत कुमार का कहना है कि सोमवार को पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र के हड़ताली मोड़ के पास पटना जिला के विक्रम के पूर्व भाजपा विधायक अनिल कुमार अपनी कार से इनकम टैक्स चौराहा होते हुए किदवईपुरी स्थित अपने निवास स्थान की ओर जा रहे थे। तभी एक 9 साल की बच्ची सड़क पार करने के दौरान कार की चपेट में आ गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। आसपास के लोगों ने यातायात पुलिस को फोन कर इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक थाना की पुलिस हरकत में आई और उसे खदेड़ते हुए कोतवाली थाना के पास पकड़ लिया।

# मोदी सरकार ने जी-20 के नाम पर देश का पैसा फूंका : लालू



**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी ने देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। पूजा कर बाबा बैद्यनाथ मंदिर से निकले के बाद श्री यादव ने कहा कि उन्होंने बाबा के दरबार में माथा टेका है और देश दुनिया सबके लिए प्रार्थना की कि सबका भला हो। बाबा बैद्यनाथ के दरबार में हाजिरी लगाने के बाद लालू यादव ने कहा कि हम वापस जाकर 'इंडिया' गठबंधन पर काम शुरू करेंगे और उम्मीदवार चयन करने का काम शुरू किया जाएगा। इसकी बैठक दिल्ली में है जिसमें उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जाएंगे। हम बिहार के मुख्य इलाकों में भ्रमण करेंगे। वहीं, दिल्ली में आयोजित हुए जी20 के शिखर सम्मेलन पर लालू प्रसाद यादव ने निशाना साधते हुए कहा कि जी20 से क्या फायदा हुआ? लोगों को बुलाकर, इतना खर्चा कर देश की आम जनता को क्या फायदा होगा? मोदी सरकार ने जी20 के नाम पर देश का पैसा फूंका है। इसका उन्हें जवाब देना ही होगा।

**देवघर में पार्टी नेताओं के साथ की बैठक:** बाबा बैद्यनाथ का दर्शन करने के लिए पहुंचे राजद प्रमुख ने रविवार को देवघर परिसदन में सूबे के संगठन प्रभारियों और सभी 24 जिलों के अध्यक्षों से मुलाकात किया। लालू यादव जब बिहार के मुख्यमंत्री थे उस वक्त झारखंड बिहार का हिस्सा हुआ करता था। इस कारण उनकी पार्टी राजद का झारखंड की राजनीति में भी दखल है। वहीं, सोरेन सरकार में भी राजद कोटे से मंत्री है।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा
- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण



# जनसंख्या स्थिरीकरण का शुभारंभ, जिलाधिकारी बोले... सभी के प्रयास से ही नियंत्रण संभव

**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को पुराने सदर अस्पताल परिसर में जनसंख्या स्थिरीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम अंशुल अग्रवाल सीएस सुरेश कुमार सिंहा, डॉ आरके सिंह, डीपीएम मनीष कुमार, यूनिसेफ कोऑर्डिनेटर शगुफ्ता जमील ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में डीएम ने कहा कि बढ़ती हुई जनसंख्या हम सभी के लिए चुनौती है तथा सबको मिलकर इस चुनौती से निपटना होगा। उन्होंने छोटा परिवार सुखी परिवार के अवधारणा को जीवन में उतारने की नसीहत दी। वहीं जागरूकता को लेकर आशा एवं एएनएम के साथ ही जागरूकता रथ को भी रवाना किया गया है। डीएम ने जिलावासियों से समन्वित प्रयास से जनसंख्या स्थिरीकरण पर पहल करने की अपील की। इसके बाद डीएम ने सारथी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**26 सितंबर तक आयोजित होगा परिवार नियोजन पखवाड़ा :** जिला में 4 सितंबर से जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य समिति के निर्देश के आलोक मे 11 सितंबर से परिवार नियोजन सेवा पखवाडा का शुभारंभ डीएम द्वारा शुरू किया गया। इस क्रम में सदर प्रखंड स्थित पुराना सदर अस्पताल परिसर में




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अभियान को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिंहा ने परिवार नियोजन पखवाडा के उदेश्यों एवं परिवार नियोजन के उपायों के प्रति लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन परिवार विकास के तहत 4 से 10 सितंबर तक दंपति संपर्क पखवाड़ा चलाया गया।

**सारथी जागरूकता रथ रवाना :** सारथी जागरूकता रथ को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो पूरे प्रखंड क्षेत्र में 26 सितंबर तक लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम गांव-गांव तक चलाएगा। विभाग के निर्देश पर इस बार अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत से लेकर जिला स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

**पुरूष नसबंदी पर रहेगा विशेष फोकस :** सदर प्रखंड के उत्प्रेरक प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि इस बार अभियान में पुरुषों की भागीदारी बढ़ानी है। जिसके लिए पात्र दंपतियों से संपर्क कर पुरुषों को जागरूक किया जा रहा है।

## 9517 बच्चों एवं 1307 गर्भवती को टीकाकृत करने का लक्ष्य निर्धारित

**बक्सर।** डीएम अंशुल अग्रवाल ने सोमवार को सघन मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण अभियान का उद्घाटन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में किया। अभियान का उदघाटन डीएम ने टीकाकरण केंद्र का फीता काटकर एवं शिशु को दो बूंद खुराक पिलाकर शुभारंभ किया।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि अभियान में अबतक 0-5 साल तक वैसे बच्चे जो टीकाकरण से वंचित है या उनका कोई टिका छूट गया है, झुग्गी- झोपड़ी, स्लम क्षेत्र के बच्चे एवं खसरा-रूबेला प्रभावित



वाले क्षेत्र के बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण करना इस अभियान का लक्ष्य है। इससे 12 प्रकार की बीमारियों से मुक्ति मिलेगी। टीकाकर्मियो को कहा कि टीकाकरण के दौरान परेशानी होने पर वे लोग स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग ले सकते है।

वहीं इस अभियान में कुल 844 सत्रों को संचालित किया जाना है। पहले दिन सोमवार को पूरे जिले में शत प्रतिशत सत्र संचालित किया गया। वहीं लक्ष्य प्राप्ति के लिए जिले वासियों से विभाग के अधिकारियों ने अपील किया है। साथ ही लोगों को अपने बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण आवश्यक रूप से कराने की अपील किया है।

## खबरें फटाफट

### शराब तस्कर धराया

**सिमरी।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के बीस के डेरा गांव के पास से एक शराब कारोबारी को उस वक्त गिरफ्तार किया जब वह नाव के सहारे शराब की खेप लेकर यूपी से आ रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना पर उसे पकड़ जब तलाशी ली तो उसके पास मौजूद झोले में 8 पीएम ब्रांड 180 एमएल का 144 पीस फुटी पैक शराब बरामद हुआ। साथ ही उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान औद्योगिक थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी अजीत यादव के रूप में हुई है।

### लापता मां बेटे बरामद

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बड़का ढकाईच गांव से 18 अगस्त को एक महिला अपने 10 वर्षीय बेटे के साथ अचानक घर से गायब हो गई थी। महिला के जेठ पुरूषोत्तम दूबे ने स्थानीय थाना केस दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि बड़का ढकाईच से गायब महिला कृष्णाब्रह्म बाजार में अपने बेटे के साथ घूम रही है। सूचना पर पुलिस ने बिना देर किए उसे कृष्णाब्रह्म बाजार से बरामद कर कोर्ट के सामने प्रस्तुत किया।

### नवरत्न गढ़ किले के समीप कूड़े का अंबार, लोगों की बढ़ी परेशानी

# भोजपुर डुमरी पथ में कांव नदी के किनारे डंप हो रहा कूड़ा, राह चलना हुआ मुश्किल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद प्रशासन के लिए कूड़ा डंपिंग बड़ी समस्या बनते जा रही है। अब सफाई कर्मी नया भोजपुर के ऐतिहासिक नवरत्न गढ़ किले के बगल से सरपट भागती नया भोजपुर डुमरी पथ के किनारे कूड़ा डंप कर रहे है। यह सड़क कांव नदी के बीचोबीच बनाई गई है। जाहिर है कूड़ा कांव नदी के तट पर ही डंप हो रहा है। जबकि नगर विकास विभाग द्वारा जारी किए गए गाइड लाइन में नदियों, स्कूलों, धार्मिक स्थलों तथा सार्वजनिक जगहों के पास कूड़ा डंप नहीं करने का निर्देश दिया गया है।

जबकि इस जगह से थोड़ी दूर ही राजा भोज का ऐतिहासिक नवरत्न गढ़ किला के अलावे कांव नदी तथा नया भोजपुर के ग्रामीणों के आस्था का केन्द्र झरनेश्वरनाथ शिव मंदिर है। बावजूद नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा हर दिन यहां सैकड़ो टन कूड़ा डंप किया जा रहा है। इस



जगह पर लंबे समय से कूड़ा डंप किए जाने कांव नदी का एक बड़ा हिस्सा मुख्य पथ के बराबर हो गया है। जिससे बाढ़ के दौरान लोगों का इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जानकारों की मानें तो नया भोजपुर के नगर परिषद में शामिल होने के बाद से लगातार यहां कूड़ा फेंका जा रहा है। जिससे स्थानीय निवासियों में आक्रोश गहराने लगा है। नया भोजपुर के लोगों की मानें तो इससे उनके गांव में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। जबकि डुमरी पथ से गुजरना मुश्किल हो रहा है। वहीं, नया भोजपुर के गजरांवा मोहल्ले के घरों तक अब कूड़े के सड़ने का सड़ांध पहुंचने लगा है। गरजरांवा के एकलाख, जफर खां आदि ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि लंबे समय से उनके मोहल्ले के करीब कूड़ा फेंके जाने से अब घर में भी रहना मुश्किल हो रहा है। इस संबंध में केशव टाइम्स की टीम ने लोगों की राय शुमारी ली है। पेश है उनकी रिपोर्ट-



“ऐतिहासिक नवरत्न गढ़ किले तथा झरनेश्वर शिव मंदिर के समीप कूड़ा फेके जाने से उनके गांव के समृद्ध विरासत पर बट्टा लग रहा है। नगर परिषद द्वारा जानबूझकर ऐतिहासिक विरासतों तथा मंदिर व नदी के समीप कूड़ा डाला जा रहा है। जिससे ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया है। *- वीरेन्द्र सिंह*



“कांव नद के किनारे कूड़ा डाले जाने से कई समस्याएं खड़ी हो रही है। नदी के ताल में स्थानीय किसानों के सैकड़ो एकड़ खेत है। कूड़ा में कई ऐसे हानिकारक पदार्थ भी है जो खेतों की उर्वरा को प्रभावित करता है। उन्होंने इस जगह पर कूड़ा फेके जाने पर रोक लगाने की मांग की है। *- साधु राम*



“कूड़ा का समुचित निस्तारण करने के बजाए नगर परिषद प्रशासन उसे यूं ही फेंक लोगों के लिए समस्याएं खड़ी कर रहा है। पूरे शहर को साफ कर उसका कूड़ा एक जगह पर डाले जाने से कभी भी संक्रामक बीमारी फैल सकता है। नप प्रशासन सफाई के नाम पर हर महीने लाखों रूपए की निकासी कर रहा है। *- धर्मेन्द्र कुमार*



“कूड़ा कचरा फेंके जाने से मच्छड़ो का प्रकोप बढ़ा है। लोगों में डेंगू, मलेरियां व हैजा जैसे जानलेवा बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। नगर परिषद की इस लापरवाही से कभी भी संक्रामक व जानलेवा बीमारियों का विस्फोट हो सकता है। उन्होंने इसके लिए नप प्रशासन की उदासीन रवैये की आलोचना की है। *- संजीव कुमार*

## मुकुंदपुर के अधेड़ की संदेहास्पद मौत, नदी किनारे बरामद हुई लाश



**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव के एक अधेड़ की संदेहास्पद मौत हो गई है। मृतक 55 वर्षीय नंदलाल राय खेतिहर मजदूर था तथा वह रविवार की शाम ही अपने घर से निकाला था। रात में जब लौट कर नहीं आया तो परिजन उसकी खोजबीन किए, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका था। सुबह में गांव से उतर कोलिया ताल नदी के किनारे से उसका शव बरामद हुआ।

ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त कर रोने चीखने लगे। जाहिर है शव रविवार से गायब हुए नंदलाल का ही था। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। हालाकि उसकी मौत कैसे हुई है तथा वह नदी किनारे कैसे पहुंचा यह रहस्य बना हुआ है। परिजन अभी कुछ बताने की स्थिति में नहीं थे। जबकि सिमरी पुलिस की माने तो मृतक के पैर में करंट लगने के निशान मिले हैं। हालाकि आस पास में कही तार नजर नहीं आ रहा था। जिससे उसकी मौत संदेहास्पद बन गई है। बहरहाल परिजनों द्वारा अभी तक न तो एफआईआर दर्ज कराया गया है और न ही किसी तरह की आशंका जताई गई है। वैसे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। थानाध्यक्ष अमन कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मुकुंदपुर में एक अधेड़ का शव बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। वैसे इस घटना को ले गांव में अनेकों तरह की चचाएं हो रही है।

## काजीपुर पंचायत में अनियमित निर्माण की जांच पर आंच, मुखिया को बचाने का लग रहा आरोप

**केटी न्यूज/सिमरी**

काजीपुर पंचायत में योजना संख्या 02/2019-20 के तहत सार्वजनिक बाजार में करवाए गए ईंट सोलिंग, बालू भराई तथा पीसीसी करण का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। परिवादी अशरर्फी अंसारी के अपीलवाद पर अनुमंडल लोक शिकायत ने सिमरी बीडीओ के जांच रिपोर्ट के आधार पर अभिकर्ता सह रिटायर्ड पंचायत सचिव ललन पर योजना के क्रियान्वयन में अनियमितता का आरोप लगाते हुए 4 लाख 82 हजार 408 रूपए का नीलाम पत्र दायर करने का निर्देश जिला पंचायत राज पदाधिकारी को दिया था। लेकिन अपीलार्थी अशरर्फी अंसारी अनुमंडल लोक शिकायत निवारण के इस फैसले से संतुष्ट नहीं है।

उन्होंने बीडीओ के जांच रिपोर्ट में मुखिया को बचाने का आरोप लगाया है और बताया है कि

- **अनुमंडल लोक शिकायत निवारण ने अभिकर्ता पर नीलाम पत्र दायर करने का दिया है निर्देश**



काजीपुर पंचायत के वार्ड पांच के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक बाजार में बालू भराई, ईंट सोलिंग तथा पीसीसी करण में पंचायत सचिव के साथ साथ मुखिया भी दोषी रहे है। उन्होंने मुखिया को क्लीन चिट दिए जाने पर आपत्ति जताते हुए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी का दरवाजा खटखटाया है। अब देखना है कि जिला लोक निवारण पदाधिकारी द्वारा इस मामले पर क्या न्याय निर्णय दिया जा रहा है। बहरहाल यह मामला पंचायत में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**छह इंच के बदले मात्र चार इंच हुई है ढलाई :** बता दें कि अनुमंडल लोक शिकायत निवारण के निर्देश पर सिमरी बीडीओ ने इस मामले की जांच पंचायत सचिव तथा तकनीकी सहायक से करवाई थी। इस जांच में यह बात सामने आई थी कि संवेदक द्वारा काम तो करवाया गया है। लेकिन उसकी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं थी। मसलन सार्वजनिक बाजार के पीसीसीकरण में छह इंच के बदले मात्र चार इंच ही ढलाई की गई थी। जिला लोक शिकायत निवारण को दिए आवेदन में परिवादी ने जिला के किसी वरीय पदाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यपालक अभियंता व सहायक अभियंता की टीम द्वारा इसकी जांच करने की मांग भी की है।

## सूरत-ए-हाल : प्रखंड कार्यालय परिसर में जलजमाव, आगंतुकों को हो रही परेशानी



**डुमरांव। स्थानीय प्रखंड कार्यालय परिसर में बारिश के बाद से जलमाव हो गया है। जिस कारण प्रखंड कार्यालय में अपने काम के सिलसिले में आने वाले लोगों तथा कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह जलजमाव परिसर में आरटीपीएस काउंटर के पीछे तथा रजिस्ट्री ऑफिस के ठीक बगल में पीएचसी जाने वाले मार्ग पर हुआ है। प्रखंड कार्यालय परिसर के एक बड़े दायरें में हुए जलजमाव से लोगों में आक्रोश हैं। लोगों का कहना है कि जब प्रखंड कार्यालय जैसे जगह पर जलजमाव से मुक्ति नहीं मिल पा रही है तो अन्य जगहों का अंदाजा लगाया जा सकता है। भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक यादव, सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन सिंह आदि ने प्रखंड प्रशासन से परिसर में हुए जलजमाव से मुक्ति दिलाने की मांग की है। वही शक्ति राय ने कहा कि जिस जगह पर जलजमाव हुआ है वह पीएचसी जाने का मुख्य मार्ग है। जहां हर दिन दर्जनों गरीब मरीज इलाज कराने जाते है। उन्हें जलजमाव से अस्पताल आने जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है।** फोटो: मनीष कुमार

## शिक्षक अनुकंपा आश्रितों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

**बक्सर।** अनुकंपा के आधार पर शिक्षक आश्रित के नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर सोमवार से एक बार फिर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। अनिश्चितकालीन धरना समाहरणालय गेट पर शुरू किया गया है। इसके पूर्व अनुकंपा आश्रितों ने नगर के बुनियादी विद्यालय परिसर से समाहरणालय तक मार्च किया। उनकी मांगे पूरी होने तक धरना जारी रहेगा। उनका कहना है कि पूर्व में प्रशासनिक आश्वासन के बाद भी अब तक नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है। वहीं उप विकास आयुक्त ने नियुक्ति को लेकर एक शेड्यूल तैयार कर जारी किया गया था। शेड्यूल के अनुसार 31 मई 2023 तक के शिक्षक अनुकंपा आश्रितों को आवेदन देने को लेकर निर्देशित की गई थी। उप विकास आयुक्त द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार 7 अगस्त 2023 को नियुक्ति पत्र वितरण करने की तिथि निर्धारित की गई थी। जबकि 30 जुलाई तक आवेदन करने को लेकर पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया था। इसके बाद क्रमवार विभिन्न तिथियां में प्रक्रिया को पूरा करते हुए 8 अगस्त 2023 को प्रक्रिया पूरी कर लेनी थी। लेकिन नियुक्ति की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं होने को लेकर नाखुश शिक्षक अनुकंपा आश्रितों ने बुनियादी विद्यालय परिसर से समाहरणालय तक मार्च का आयोजन किया।




### केवीके में आकस्मिक फसल योजना पर एक दिवसीय जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# अगस्त में कम वर्षा के कारण प्रभावित हुई धान की फसल

**केटी न्यूज/बक्सर**

कृषि विज्ञान केन्द्र के तत्वावधान में सोमवार को जलवायु समुत्थानशील कृषि पर राष्ट्रीय नवाचार परियोजना अन्तर्गत ह्लआकस्मिक फसल योजनाह्व पर एक दिवसीय जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदरघाटन मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज डुमरांव के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार, आत्मा की उप परियोजना निदेशक बेबी कुमारी, केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक सह प्रमुख डॉ. देवकरन तथा आमंत्रित अतिथियों व प्रगतिशील किसानों द्वारा संयुक्त रूप से दीप-प्रज्ज्वलित कर किया गया। डॉ. देवकरन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विविध कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगस्त माह मे कम वर्षा होने के कारण धान की फसल




प्रभावित हुई है तथा सिंचाई जल तथा वर्षा की कमी के कारण परती पड़े खेतों के आच्छादन के लिए आकस्मिक फसल योजना पर एक दिवसीय जागरूकता सह परिचर्चा बैठक का आयोजन किया गया हैं। मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश कुमार ने कार्यशाला की सराहना की तथा मौसम आधारित अंतर फसल प्रणाली पर ध्यान केन्द्रित करते हुए किसानों द्वारा उठाये गये मुद्दों व सुझावों पर ज्यादा से ज्यादा अंतर संस्थागत सहयोग के माध्यम से जलवायु अनुकूल एवं क्षेत्र विशेष आधारित टिकाउ तकनीकियों के प्रचार-प्रसार पर बल दिया।

उन्होंने किसानों को फसल विविधीकरण, कम जल उपयोग करनेवाली फसलों तथा मध्यम अवधि की प्रजातियों को अपनाने का सुझाव दिया। साथ ही, पौधरोपण को बढ़ावा देने तथा जल संचय के उपाय भी बतायें। संबंधित फसल अवशेषों के विघटन व प्रयोग द्वारा मृदा मे कार्बन की मात्रा को बढ़ावा देकर रासायनिक खाद के प्रयोग को कम करने तथा कृषि तकनीकियों के प्रयोग से जल की खपत को कम करने का सुझाव दिया। उन्होंने किसानों को प्रतिकूल मौसम में पोषण युक्त एवं जलवायु अनुकूल मोटे अनाज की खेती करने एवं बेहतर तकनीकी जानकारी एवं सहयोग के लिए सरकारी संस्थानों के अधिकाधिक भ्रमण का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिले के विभिन्न विभागों जैसे कृषि, पशुपालन, उद्यान, आत्मा परियोजना, आदि के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधियों ने आकस्मिक फसल योजना से संबंधित विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम/योजनाओं की जानकारी दी गई।

## एक पौधा प्रत्येक घर कार्यक्रम के तहत घर घर बांटे जायेंगे पौधे

**बक्सर।** सोमवार को वन विभाग की ओर से प्रत्येक घर में एक पौधा कार्यक्रम के तहत चौसा प्रखंड के पवनी पंचायत के हादीपुर गंगा गांव में प्रचार प्रसार किया गया। जिसकी जानकारी रेंजर टीपी सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष जिला गंगा समिति बक्सर के निदेर्शानुसार प्रखंड के पवनी पंचायत अंतर्गत हादीपुर गंगा ग्राम में एक पौधा आपके कार्यक्रम 12 सितंबर को विशेष रुप से चलाया जाएगा। ताकि पौधा हमारे जीवन के बचाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिये जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति, वन के क्षेत्र अधिकारी के द्वारा माइक के माध्यम से गंगा ग्राम के लोगों को जानकारी प्रदान की गई। 12 सितंबर को हादीपुर गांव में ग्रामवासियों को नि:शुल्क एक- एक पौधे वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रोहित ओझा, मोहित, संतोष, शैलेश राय समेत अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

# बक्सर/भोजपुर/जहानाबाद

बक्सर, 12 सितंबर 2023
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com


## सीएम साहब... भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रामपुर का पिछड़ा/अतिपिछड़ा वर्ग का छात्रावास

**प्रकाश कुमार बादल/केसठ**

प्रखंड के रामपुर गांव के समीप बना जिले का इकलौता पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग का छात्रावास भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। बता दें कि इस छात्रावास के भवन का निर्माण घटिया सामग्री से किया गया था। जिस कारण उदघाटन से पहले ही इसके दीवारों में दरारें पड़ गई थी। लेकिन कल्याण विभाग व जिला प्रशासन द्वारा अभी तक इसकी जांच भी नहीं की गई है। बता दें कि कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा व अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या के लिए छात्रावास का उद्घाटन बीते 7 अगस्त को किया गया था।

इस नवनिर्मित भवन का उद्घाटन पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग की मंत्री अनीता देवी के द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से किया गया था। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी अजय कुमार गुप्ता, बीडब्ल्यूओ मुख्यालय संजय कुमार, बीडब्ल्यूओ केसठ धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। लेकिन, बिल्डिंग में पड़े दरार के बावजूद किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जो



अधिकारियों के कार्य शैली पर सवाल खड़ा करता है। मिली जानकारी के अनुसार यह छात्रवास 720 बच्चों के लिए बनाया गया है। जो अतिपिछड़ा व अनुसूचित जाति के बालक व बालिकाओं के लिए है। जिनको खाने-पीने पठन-पाठन आदि व्यवस्थाएं सरकार की तरफ से उपलब्ध रहेगा। छात्रावास के निर्माण से क्षेत्र के लोगों मे काफी हर्ष था कि अब गरीब व पिछड़े वर्ग के बच्चें भी शिक्षित होने से वंचित नहीं रह पाएंगे। साथ ही शिक्षित हो अपने समाज के उत्थान में अहम भूमिका निभाएंगे। लेकिन बिल्डिंग में आए दरार व हल्की बारिश में छत से पानी का रिसाव ने इसके गुणवाता पर सवाल खड़ा कर दिया है। बिल्डिंग के जल्दी क्षतिग्रस्त होने की संभावना जताते हुए रामपुर मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय ने जिलाधिकारी से भवन निर्माण की गुणवता की जांच की गुहार लगाई है।

**पूर्व में ग्रामीणों ने रूकवाया था काम :** पूर्व से ही ये भवन विवादित रहा है। ग्रामीणों के अनुसार भवन निर्माण के समय ही ठेकदार द्वारा थर्ड ग्रेड की बालू और अन्य सामग्रियों का प्रयोग किया जा रहा था। जिसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्य को बंद करा दिया गया था। बावजूद अभी तक जांच की बात तो दूर जांच कमिटी तक नहीं बनी है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर गहनता से अधिकारियों द्वारा जांच की जाए तो करोड़ों रुपए की घोटाले का मामले सामने आ सकता है।

## एक नजर

### अस्मिता खेलो इंडिया वीमन्स लीग का आयोजन

**जहानाबाद।** जिला भारोतोलन संघ के तत्वावधान में गान्धी मैदान स्थित खेल भवन-सह-व्यायामशाला में वीमेन लीग का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ वरीय उपसमाहर्ता -सह- जिला खेल पदाधिकारी कुमारी निकिता ने दिप जला कर एवं नारियल फोड़ कर किया। कुमारी निकिता का स्वागत शिप्रा सोनी ने पुष्पगुच्छ देकर किया। इस प्रतियोगिता में 5 जिलों की महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें पटना, रोहतास, भोजपुर, नवादा व जहानाबाद के खिलाड़ी थे। मौके पर आये हुए अतिथियों को मोमेंटो से स्वागत किया गया। जिला भरोतोलन संघ जहानाबाद के प्रेजिडेंट अरुण कुमार केसरी, ट्रेजरर अंशु कुमार, एवं जहानाबाद जिला के सभी संघ के पदाधीकारी उपस्तिथ थे इस प्रतियोगिता में विजेता उपविजेता एवं तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले महिला खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण-पत्र से समानित किया गया। इस प्रतियोगिता में आये हुये सभी पदाधिकारीगण को प्रतियोगिता में अलख पासवान, अनुराधा पाठक, पर्पल टाउन अकेडमी की प्रिंसपल, संतोष कुमार द विंग फाउंडेशन की प्रिंसिपल, ब्रजेश सिंह, सतेंद्र नारायण सिंह महाविधियाल के प्रोफेसर, खो-खो संघ बिट्टू कुमार, उत्तम कुमार, कराटे संघ प्रेजिडेंट अणुशक्ति सिंह एवं अजित कुमार एवं प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए पटना आये हुए तकनीकी पदाधिकारी रजनीश कुमार, इंटरनेशनल रेफरी, उपेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, संजीत कुमार सिंह, कनक कुमारी, अमरा सुंदर, सरिता कुमार, आयोजन सचिव गिरिजेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं शुभकामना दी।




### कारोबार के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

**जहानाबाद।** मखदुमपुर थाने की पुलिस ने अवैध बालू कारोबार के विरुद्ध करवाई करते हुए चौबा बिगहा गांव में छापेमारी कर दो बालू कारोबारी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि गुप्त सूचना मिली के चौबा बिगहा गांव में अवैध रूप से बालू का स्टॉक कर कालाबाजारी कर कुछ लोगों द्वारा बेचा जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चौबा बिगहा गांव में छपेमरी कर गौतम कुमार एवं रूबी देवी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

## फाइनेंस कर्मी से लूटा गया मोबाइल और 2000 रुपए भी बरामद

# फाइनेंस कंपनी के कर्मी से लूटपाट में शामिल एक अपराधी गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बड़हरा थाने की पुलिस ने आखिरकार फाइनेंस कर्मी से लूट का खुलासा कर दिया। साथ ही, वारदात को अंजाम देने वाले एक अपराधी को भी गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से कर्मी का लूटा गया मोबाइल और 2000 रुपए भी बरामद किया गया है। वह बड़हरा थाने के रामपुर गांव निवासी रेगरी पासवान का प्रेम पासवान उर्फ चिंटू पासवान है। उसे रविवार की रात रामपुर गांव से ही गिरफ्तार किया गया है। उसने घटना में शामिल होने और लूटे गये 27 हजार रुपए खर्च करने की बात स्वीकार की है। पुलिस घटना में शामिल उसके दो साथियों की तलाश कर रही है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि कृष्णगढ़ के सरैंया स्थित उत्कर्ष फाइनेंस बैंक लिमिटेड में टीसीओ के पद पर कार्यरत पीयूष कुमार 28 अगस्त को रामपुर से लोन रिकवरी कर लौट रहे थे। तभी इब्राहिमपुर पुल के पास बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर उनसे 29500 रुपए, मोबाइल और बैग छीन लिया गया था। उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। टीम में शामिल थानाध्यक्ष विजय प्रसाद सहित अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा तकनीकी सूत्र और लोकल इनपुट के जरिए लुटेरों की पहचान की गयी।




■ गिरफ्तार लुटेरे से पूछताछ के आधार पर खंगाला जा रहा आपराधिक इतिहास

उसके बाद रविवार की रात रामपुर गांव में छापेमारी कर प्रेम पासवान उर्फ चिंटू पासवान को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से फाइनेंस कर्मी का छीना गया मोबाइल और दो हजार रुपए भी बरामद किया गया। एसपी के अनुसार पूछताछ में गिरफ्तार प्रेम पासवान ने बताया कि छीना गया बैग पानी में फेंक दिया गया था। शेष करीब 27 हजार रुपए उसने खर्च कर दिया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार लुटेरे का आपराधिक रिकार्ड पता किया जा रहा है। घटना में शामिल दो अन्य अपराधियों की भी पहचान कर ली गयी है। दोनों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है।

**धक्का देकर गिराया और पैसे लूट भाग निकले थे बदमाश :** पटना जिले के सलीमपुर थाना क्षेत्र के विधिपुर गांव निवासी पीयूष कुमार कृष्णगढ़ ओपी के सरैंया बाजार स्थिति उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड में टीसीओ के पथ पर हैं। उनका काम ग्राहकों के साथ मीटिंग करना और लोन का पैसा कलेक्शन करना है। उसी क्रम में वह 28 अगस्त को मीटिंग करने बड़हरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव गये थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे मीटिंग और लोन के पैसे कलेक्शन करने के बाद वह केशोपुर पेट्रोल पंप होते लौट रहे थे। इब्राहिमपुर पुल के समीप काले रंग की अपाची बाइक सवार मास्क पहने तीन बदमाश पीछे से पहुंचे। अपराधियों ने पहले पूछा कि फाइनेंस में काम करते हो और फिर धक्का दे दिया, जिससे वह सड़क किनारे गिर पड़े। उसके बाद अपराधियों ने उनका मोबाइल और बैग छीन लिया। बैग में पैसा नहीं मिला तो हथियार का भय दिखाकर पॉकेट से 29 645 रुपए छीन लिया और भाग निकले।

### चेकिंग में तीन बदमाश हथियार के साथ धराए

**आरा।** जिले के बड़हरा थाने की पुलिस ने आपराधिक वारदात को अंजाम देने जा रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सिन्हा ओपी क्षेत्र के फरहदा गांव निवासी संदीप सिंह, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गंगहर गांव निवासी सोनू कुमार सिंह और छोटकी सनदियां गांव निवासी अभिषेक कुमार शामिल हैं। तीनों को रविवार की रात इब्राहिमपुर पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार गया। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि बड़हरा थानाध्यक्ष विजय प्रसाद के नेतृत्व में रविवार की रात पुलिस नाइट पेट्रोलिंग में थी। पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी एक पल्सर बाइक पर सवार तीन युवक पुलिस को देख भागने लगे। तब पुलिस ने खदेड़ कर तीनों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान एक देसी कट्टा, एक गोली और तीन मोबाइल बरामद किया गया।

### पटवन के लिए निकले युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**आरा।** आरा सासाराम रेलखंड पर पीरो रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। रविवार की शाम खेत की पटवन करने गया था। उसका शव सोमवार की सुबह बरामद किया गया। मृतक पीरो थाना क्षेत्र के बलुआ टोला गांव निवासी स्व. शिव दयाल सिंह का 35 वर्षीय पुत्र उपेंद्र सिंह था। बड़े भाई शशिकांत सिंह ने बताया कि रविवार की शाम वह खेत की पटवन करने के लिए गया था। रात में घर नहीं लौटा।

इस बीच सोमवार की सुबह कुछ ग्रामीण पीरो रेलवे स्टेशन की ओर गये, तो देखा कि वह मृत अवस्था में रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। ग्रामीणों की सूचना पर वे लोग पहुंचे। मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। बाद में पुलिस भी पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि युवक अपने तीन भाई और एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां मोतीझारो देवी, पत्नी निर्मला देवी, पुत्र अनुराग, अंकुश और पुत्री अंशु है। हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां और पत्नी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।




### मवेशी चराने गये किसान की करंट की चपेट में आने से मौत, सड़क जाम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के पीरो प्रखंड के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र छोटकी खननी गांव में रविवार की शाम मवेशी चराने गये 45 वर्षीय एक किसान की करंट लगने से मौत हो गयी। रास्ते में टूटकर गिरे करंट प्रवाहित बिजली की तार की चपेट में आने से उनकी और मवेशी की मौत हो गयी। मृत किसान छोटकी खननी गांव निवासी राम सूरत सिंह के बेटा वीर बहादुर सिंह थे। हादसे को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और सड़क पर उतरे गये। मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शव के साथ अगिआंव-सोनवर्षा रोड को जाम कर दिया। ग्रामीणों में बिजली कंपनी के प्रति आक्रोश था। ग्रामीणों का कहना था कि बिजली कंपनी की लापरवाही के कारण ही किसान की जान गई है। उस दौरान जिला प्रशासन और बिजली कंपनी के खिलाफ नारेबाजी भी की गयी।उस कारण करीब तीन घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और समझाकर मामले को शांत कराया गया।

वहीं पूर्व विधायक भाई दिनेश ने डीएम और एसडीएम से बात कर मृत किसान के परिजनों को उचित मुआवजा देने की बात कही। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। बाद में पूर्व विधायक की पहल और डीएम के आदेश पर रात में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पूर्व विधायक ने कहा कि जिले में हर रोज किसी न किसी गांव में करंट से मौत हो रही है। उसके बाद भी इसे लेकर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। उर्जा मंत्री के क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं के बाद भी जर्जर तार और पोल को बदला नहीं जा रहा है। उससे आये दिन हादसे से रहे हैं। इधर भगत यादव, उमेश यादव, जय प्रकाश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, गया सिंह, विंध्याचल सिह, अशोक राय और कमलेश सिंह सहित अन्य लोगों द्वारा किसान की मौत पर दुःख प्रकट करते हुए मुआवजे की मांग की गयी है। वहीं किसान की मौत के बाद उनके घर में कोहराम मचा है। पत्नी धनवती देवी, पुत्र अजीत कुमार और पुत्री ललित देवी का रो-रोकर बुरा हाल था।

### भोजपुर में सड़क हादसे में बाइक सवार सारण के युवक की मौत, एक जख्मी

♦ आगे चल रही कार के चालक के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा स्थित ढाबा के समीप आरा-छपरा फोरलेन पर सोमवार की दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार सारण के एक युवक की मौत हो गयी। इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे में उसका दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है। मृत युवक सारण जिला के बनियापुर थाना क्षेत्र के हरकपुरा गांव निवासी स्व.राजेंद्र तिवारी का 28 वर्षीय बेटा संजीव तिवारी था। जो पेशे से ट्रक चालक था और मध्यप्रदेश में माइंस लाइन में ट्रक चलाता था। वहीं जख्मी उसका दोस्त सीवान जिला के बसंतपुर थाना क्षेत्र के उजैना गांव निवासी प्रभु पांडेय का बेटा मुकेश पांडेय है।



मृतक के चचेरे भाई प्रवीण कुमार पांडेय ने बताया कि वह दो दिन पूर्व मध्यप्रदेश से गांव लौटा था। सोमवार की सुबह संजीव अपने दोस्त मुकेश के साथ गांव से बाइक पर सवार मध्यप्रदेश जाने के लिए घर से निकला था। बबुरा स्थित ढाबा के समीप आगे चल रही एक कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे वह चकमा खा गया और उसने भी ब्रेक लगा दी। उससे दोनों बाइक से गिर गए और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी लाया। जहां डॉक्टर ने संजीव को मृत घोषित कर दिया। वहीं जख्मी मुकेश पांडेय को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया। बाद में बड़हरा थाना पुलिस की सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि मृत संजीव तिवारी अपने पांच भाई और दो बहनों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी पुतुल देवी, पुत्र पीयूष और पुत्री अनुप्रिया है।




## सघन मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण अभियान-5.0 के प्रथम चक्र का डीएम ने किया शुभारंभ

# टीके का लाभ पाने से कोई भी बच्चा न छूटे: डीएम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

सोमवार को जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय ने अमर शहीद जगदेव प्रसाद, सदर अस्पताल में सघन मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण अभियान-5.0 के प्रथम चक्र का शुभारम्भ किया। यह अभियान 11 से 16 सितम्बर तक सम्पादित किया जायेगा। इसे लेकर सभी विभागीय तैयारियां हो चुकी है। यू-विन ऐप टीकाकरण के लिए हर गर्भवती महिलाओं, शिशु, बच्चे और किशोर की ट्रैकिंग की सुविधा के लिए एक डिजिटल समाधान है। यू-विन ऐप का इस्तेमाल गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण एवं टीकाकरण करने, प्रसव के डाटा को रिकॉर्ड करने, नवजात को पंजीकृत करने, जन्म के बाद टीके की खुराक देने तथा अन्य टीकाकरण कार्यक्रमों के लिए किया जायेगा। इस ऐप के माध्यम से टीकाकरण सेवाओं, टीकाकरण की ताजा स्थिति, नियमित टीकाकरण सत्र आयोजन एवं सभी टीकाओं का आच्छादन की जानकारी मिलेगी। लाभार्थी पहले से टीकाकरण के लिए स्लॉट बुक कर सकेंगे तथा मौके पर हीं उन्हें प्रमाण-पत्र भी मिल जायेगा अथवा डाउनलोड भी कर सकेंगे।



सघन मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण अभियान-5.0 के प्रथम चक्र की सफलता को लेकर सर्वे के आधार पर एएनएम के द्वारा टीकाकरण से वंचित 05 वर्ष तक के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं की पूर्व में हीं ड्यू लिस्ट तैयार कर लिया गया है। यह अभियान कुल 03 चक्रों में निर्धारित है। दूसरा चक्र दिनांक 09 अक्टुबर से 14 अक्टुबर, 2023 तक एवं तीसरा चक्र दिनांक 27 नवम्बर से 02 दिसम्बर, 2023 तक सम्पादित किया जायेगा। प्रथम चक्र में 499 सत्र स्थलों पर कुल 4059 बच्चों एवं 1098 गर्भवती माताओं का टीकाकरण कराये जाने का लक्ष्य है।

उक्त अवसर पर असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जहानाबाद /प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जहानाबाद/ जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जहानाबाद/अधीक्षक, अमर शहीद जगदेव प्रसाद, सदर अस्पताल, जहानाबाद/संचारी रोग पदाधिकारी, जहानाबाद/जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद/एसएमओ & -मॉनिटर-विश्व स्वास्थ्य संगठन, जहानाबाद/एसएमसी, यूनिसेफ के बीएमसी जहानाबाद/जिला भैक्सिन मैनेजर-यूएनडीपी, जहानाबाद इत्यादि उपस्थित थे।



# जमीन के नीचे कच्चे तेल का भंडार होने की संभावना

◆पुष्टि के लिए ओएनजीसी कराएगी सेस्मिक सर्वे

**केटी न्यूज/बलिया**

नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में जमीन के नीचे कच्चा तेल (क्रूड ऑयल) मौजूद होने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) इसकी पुष्टि के लिए सेस्मिक सर्वे व थ्रीडी मैपिंग कराएगी। उसके बाद आगे की जांच होगी।सेस्मिक सर्वे करने वाली कंपनी के प्रभारी राहुल चावला ने बताया कि सेस्मिक सर्वे से जमीन के अंदर तेल मिलने की पुष्टि नहीं होती। हमारी कंपनी ओएनजीसी द्वारा बताए गए डाटा को इकट्ठा कर सौंप देती हैं। भूगर्भ वैज्ञानिक उसकी जांच करते हैं। हमारी टीम अभी आ रही है। आगे जो आदेश होगा, उस पर काम किया जाएगा। शहर से सटे दरामपुर, मुबारकपुर गांव के समीप सर्वे करने वाली टीम व मजदूर डेरा डाल चुके हैं। कंपनी आधुनिक मशीनों का पूरा सिस्टम लगा रही है। जमीन में ड्रील मशीन से सैकड़ों फिट खुदाई कर उसमें विस्फोट किया जाता है। उससे उठने वाली तरंगों का आधुनिक मशीन से सर्वे कर डाटा इकठ्ठा होता है।



### एक साथ सैकड़ों जगहों पर होगी खुदाई

एक साथ कम्पनी सैकड़ों स्थान पर खुदाई करेंगी। इनकी मॉनिटरिंग ओएनजीसी के आला अधिकारी करेंगे। पूर्व में करीब 2020 के आसपास ओएनजीसी ने गंगा, तमसा के तटवर्ती क्षेत्र में सर्वे किया था। जमीन के अंदर विस्फोट कर उठने वाली तरंगों की इकट्ठ किया था। अब उसके आगे का सर्वे होने की बात कही जा रही है। फेफना थाना क्षेत्र के दरामपुर, मुबारकपुर व सागरपाली में ट्रकों से मजदूरों व भूमि ड्रिल में प्रयोग होने वाले मशीनों के साथ कैंप किया है। इंजन व बल्ली व पाइप को दुरुस्त कर रहे हैं। मजदूर कुछ पूछने पर तेल खोजने के लिए जमीन खुदाई की बात कह रहे हैं।

# 9 से 14 अक्टूबर तक चलेगा मिशन इंद्रधनुष अभियान का तीसरा चक्र

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद में सोमवार को जिला महिला अस्पताल में नवजात को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नंद कुमार के द्वारा पोलियो ड्राप पिलाकर दूसरे चरण का सघन मिशन इंद्रधनुष-5.0 अभियान का शुभारंभ किया गया।



तीन चरणों में चलने वाले इस टीकाकरण अभियान में जन्म से पांच वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को नियमित टीके और गर्भवती को टिटनेस- डिप्थीरिया (टीडी) के टीके लगाए जा रहे हैं। इसका पहला चरण सात अगस्त से शुरू होकर 12 अगस्त तक चला, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर तक चलेगा तथा तीसरा चरण नौ से 14 अक्टूबर तक चलेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. नंद कुमार ने दी। सीएमओ डा. नंद कुमार ने बताया कि टीकाकरण कवरेज में तेजी लाने के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष की परिकल्पना की गई जिससे सौ प्रतिशत तक टीकाकरण किया जा सके। इसके तहत 15 हजार से अधिक जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों एवं 6400 गर्भवती को पूरी तरह से प्रतिरक्षित किया जाना है। इसके अतिरिक्त जो बच्चे टीकाकरण से छूट गए हैं, उन्हें भी इस अभियान के तहत टीकाकरण का लाभ देना है। सघन मिशन इंद्रधनुष- 5.0 में 12 वैक्सीन-प्रीवेंटेबल डिजीज के खिलाफ टीकाकरण शामिल है, नवजात शिशुओं और बच्चों में होने वाली जानलेवा बीमारियों पोलियो, खसरा, रूबेला, रोटा वायरस, डिप्थीरिया, टिटनेस, काली खांसी आदि से बचाने के लिए संपूर्ण टीकाकरण बेहद जरूरी है।

## वांछित हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दुबहड़।** थाना की पुलिस ने राजकीय वृक्षों (गुटेल प्रजाति) को चोरी से काटने वाला वांछित/हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को सोमवार के दिन करीब 12 बजे ग्रामसभा दशरथ मिश्र के छपरा ढाला एनएच-31 के पास से गिरफ्तार किया। जिसे संबंधित धाराओं में कार्यवाही के बाद न्यायालय के लिए चालान कर दिया। विगत 29 जून को दुबहड़ से चन्दवख मार्ग पर बहुतायत मात्रा में गुटेल प्रजाति के 54 राजकीय वृक्षों को चोरी से काटकर गिरा दिये जाने के मामले में वन विभाग कर्मचारी द्वारा दुबहड़ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मुकदमे के वांछित अभियुक्त आनन्द कुमार पाण्डेय पुत्र संतोष पाण्डेय निवासी दुबहड़ को प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र व उपनिरीक्षक हनुमान प्रसाद अपनी टीम के साथ सोमवार को ग्राम दशरथ मिश्र के छपरा ढाला एनएच-31 के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि इस मुकदमें में चल रहे वांछित नितिश सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी दुबहड़ व अमित सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह उर्फ नन्हकू सिंह निवासी धरनीपुर फरार चल रहे है।




## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

# विद्यालय में जल्द से जल्द खाने का टेंडर कराएं: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार सोमवार को बेरुआरबारी विकासखंड के सुखपुरा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने वहां पर बच्चियों की एवं विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या और उपस्थिति रजिस्टर की जांच कर सभी का भौतिक सत्यापन किया तो पाया कि इसमें कुल बालिकाओं की संख्या 15 थी और वार्डेन, शिक्षक, लेखाकार, रसोईयां चौकीदार,परिचारक एवं पीआरडी सहित कुल बारह कर्मचारी विद्यालय में कार्यरत हैं। एकाध कर्मचारी छुट्टी पर थे, बाकी सभी उपस्थित थे।वार्डेन ने बताया कि हमारे यहां होमगार्ड नहीं है। रात के समय बच्चियों की सुरक्षा के लिए युवा कल्याण से एक पीआरडी आते हैं।



जिलाधिकारी ने वार्डेन से बच्चियों के क्लास का समय एवं दोपहर के खाने के समय के बारे पूछा तो वार्डेन ने बताया कि कक्षा का समय 8 से 2 बजे तक है और दोपहर का खाना साढ़े बजे दिया जाता है। वार्डेन ने बताया कि विद्यालय की रंगाई -पुताई एवं कार्पेंट्री का काम चल रहा है। उसने बताया कि बच्चियों को खाने का टेंडर अभी तक नहीं हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने वहां के खंड विकास अधिकारी को फोन कर बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा जल्द से जल्द खाने का टेंडर कराने के निर्देश दिए। वार्डेन ने बताया कि 7 महीने से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण हमें बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने वार्डेन सहित अन्य कर्मचारियों को वेतन संबंधी विसंगति को शीघ्र ही दूर करने का भरोसा दिया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने विद्यालय में लगे आरओ प्लांट, शौचालय की स्थिति, बच्चियों के शयनकक्ष एवं उसमें लगे पंखे, रसोईघर एवं क्लासरूम की स्थिति भौतिक सत्यापन किया, जो संतोषजनक स्थिति में पाये गये।

## लंपी बीमारी से बचाव के लिए जिलाधिकारी ने जारी की एडवाइजरी

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में सोमवार की शाम चार बजे लंपी स्किन बीमारी से ग्रसित पशुओं के एडवाइजरी जारी की है। बताया कि लम्पी स्किन बीमारी फैलने पर प्रभावित पशुओं का एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना बाधित होगा। जिससे संक्रमण फैलने से रोका जा सके। यदि किसी पशुपालक के निजी स्वामित्व के इक्का-दुक्का पशु रोग ग्रस्त है तो उन्हें वहीं कुछ दूरी पर आइसोलेट किया जाय एवं उपचार के साथ-साथ सेनेटाईजेशन व अन्य पशुओं के लिए निरोधात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की जाय।टीकाकरण कार्य बीमारी फैलने पर प्रभावित ग्राम के 5 किमी की दूरी के ग्रामों में किया जायेगा। पशुपालन विभाग के कन्ट्रोल रूम प्रभारी डा मन्तराज यादव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी सदर, बलिया के मोबाइल नंबर 393376504 पर सूचित करेंगे।

## प्रेमिका ने की थी अधिवक्ता की हत्या

**बलिया।** अधिवक्ता गोरख नाथ की मौत प्रकरण का उभांव थाना पुलिस ने सोमवार को खुलासा करते हुए हत्यारी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अधिवक्ता की मौत किसी सड़क दुर्घटना से नहीं बल्कि उनकी प्रेमिका द्वारा धक्का देने से गिरने के कारण हुई थी। उभांव इंस्पेक्टर राजीव कुमार मिश्र के देखरेख में हत्याकांड के जांच अधिकारी एसआई पंकज सिंह ने सोमवार को छापामारी कर हत्यारी प्रेमिका रानी देवी पत्नी स्व. अखिलेश राम ग्राम भिंडकुण्ड निवासी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पहले अज्ञात वाहन के खिलाफ सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज किया था। लेकिन स्थानीय अधिवक्ताओं द्वारा इसे हत्या बताकर विगत एक माह से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके कारण पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही थी। मौत प्रकरण के करीब 50 दिन बाद खुलासा करते हुए उभांव पुलिस ने बताया कि मामले का खुलासा मृतक अधिवक्ता गोरख नाथ ग्राम ककरासो और हत्यारी प्रेमिका रानी के मोबाइल के सीडीआर रिपोर्ट के आधार पर हुआ है।

## अलावलपुर गांव में ट्रैक्टर से दबकर चार वर्षीय बालक की मौत

**बलिया।** जनपद के सुखपुरा थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव में सोमवार की दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे ट्रैक्टर से दबकर एक चार वर्षीय बालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। वहीं, बच्चे की मौत की सूचना गांव में पहुंचते ही परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अलावलपुर गांव में चंचल यादव के चार वर्षीय बालक बादल यादव घर के पास खेल रहा था, तभी घर के आगे रास्ते से ट्रैक्टर गुजर रहा था, जिसकी चपेट में आने से बालक की मौके पर मौत हो गई। चार वर्षीय बालक की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा गया है। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

# स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से बच्चों के हुनर को बेहतर तरीके से निखारें: सांसद

**केटी न्यूज/बलिया**

शिक्षा क्षेत्र सोहांव का प्राथमिक विद्यालय नरही नंबर एक में सोमवार के दिन स्मार्ट क्लास और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त एवं पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने किया। जिसके बाद आयोजित निपुण भारत मिशन और शिक्षक उन्नयन गोष्ठी को भी संबोधित किया।



आपको बताते चले कि शिक्षक उन्नयन गोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि स्मार्ट क्लास और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से बच्चों का नामांकन बढ़ाया जा सकता है। बच्चों को एप के माध्यम से बेहतर शिक्षा व आसानी से बच्चों को बढ़ाया जा सकता है। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से बच्चों के हुनर को बेहतर तरीके से निखारा जा सकता है। बच्चों के लिए शिक्षा और खेल दोनों गुणवता में बेहतर सिंद्ध होगी। देश आधुनिक शिक्षा और खेलकूद के नए कीर्तिमान की तरफ कदम बढ़ा रहा है।

पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा के विद्यालयों को भी सरकार निजी विद्यालयों के बराबर खड़ा करने को सतत प्रयत्नशील है। इन विद्यालयों के भौतिक संसाधनों में वृद्धि से लेकर शिक्षकों की नियुक्ति और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। इसका असर पर धरातल पर दिखने भी लगा है। इस मौके पर बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह, चेयरमैन अमरजीत सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी लाल, एआरपी पवन राय, सुरेंद्र राय दरोगा,समीर राय बादल, भरत राय,विक्की सिंह, अंजनी राय आदि के साथ साथ क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। अध्यक्षता अजीत राय व संचालन अम्बरीष तिवारी ने किया।

# मोहम्मदाबाद गोहना -करहा मार्ग पर हटाया गया अतिक्रमण

**केटी न्यूज/मऊ**

शासन के निर्देश पर सोमवार को मुहम्मदाबाद गोहना रेलवे पूर्वी फाटक से टिपक्काबाद तक तहसील प्रशासन द्वारा बुलडोजर लगाकर करहा- मोहम्मदाबाद गोहना मुख्य मार्ग के सड़क के दोनों पटरियों हुए अतिक्रमण को हटाया गया। मुहम्मदाबाद गोहना-करहा मुख्य मार्ग पूर्वी रेलवे फाटक से टिपक्काबाद तक सड़क के दोनों पटरियों पर ठेला, खोमचा, गोमती, चिकन,मटन, मछली आदि की दुकान लगाकर पीडब्ल्यूडी की सड़क पर अतिक्रमण किया गया हैं। जिससे प्रतिदिन जाम की समस्या उत्पन्न हो रही हैं। जिसको लेकर शासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। शासन के इस अभियान के क्रम में नगर पंचायत मुहम्मदाबाद गोहना द्वारा कुछ दिन पूर्व पटरिया के दोनों तरफ ठेला आदि छोटे बड़े दुकानदारों को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने को कहा गया था लेकिन अतिक्रमण नहीं हटा। जिसको लेकर चिन्हित किए हुए स्थान तक हुए अतिक्रमण को उपजिलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को दोपहर लगभग 2 बजे बुलडोजर लगाकर अतिक्रमण हटाया गया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर अजय विक्रम सिंह, तहसीलदार राहुल गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी,नगर पंचायत कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हुए अतिक्रमण को पूरी तरह से बुलडोजर लगाकर साफ कर दिया गया।



## चारपहिया वाहन के टक्कर से साईकिल सवार की मौत

**मऊ।** घोसी थाना क्षेत्र के हाजीपुर पिढवल मोढ के पास बाजार करने जा रहे साइकिल सवार किसान वृद्ध व्यक्ति को अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया, जिसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि विजयी चौहान पुत्र स्वर्गीय नग्गू चौहान 60 वर्ष निवासी मानिकपुर जमीन हाजीपुर थाना घोसी किसान का काम करते थे ।रविवार की देर शाम अपनी साइकिल लेकर बाजार करने के लिए निकले थे जैसे ही घोसी थाना क्षेत्र के हाजीपुर पिढवल मोढ के पास पहुंच कर सड़क पार कर ही रहे थे कि गोरखपुर की तरफ जा रही एक अनियंत्रित अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया और मौके से फरार हो गया। घायल वृद्ध किसान की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



## खबरें फटाफट

### 14 सितंबर को कराया जाएगा मॉक पोल

**चंदौली।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के प्रयोग में आने वाली बीईएल मेक मॉडल तीन ईवीएम मशीनों की एफएलसी प्रक्रिया 25 अगस्त से प्रारंभ कराई जा चुकी है। ईवीएम मशीनों की एफएलसी प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात आयोग के निदेर्शानुसार बीईएल इंजीनियरों ने 14 से मॉक पोल की प्रक्रिया आरंभ की जानी है। आयोग के निदेर्शानुसार सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति अति आवश्यक है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के प्रयोगार्थ ईवीएम मशीनों की एफएलसी के पश्चात 14 को नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति स्थित ईवीएम वेयर हाउस में मॉक पोल हेतु उपस्थित हो, ताकि मॉक पोल की कार्यवाही प्रारंभ कराई जा सके।

### बाबा कीनाराम के जन्मोत्सव में होंगे विविध कार्यक्रम

**चंदौली।** रामगढ़ स्थित मठ में 13 अगस्त से शुरू हो रहे अघोराचार्य बाबा कीनाराम के 424 वां जन्मोत्सव समारोह पीठाधीश्वर सिद्धार्थ गौतम राम जी के निर्देशन में तैयारियां जोरों पर चल रही है। तैयारी को लेकर मठ व्यवस्थापक मेजर अशोक सिंह ने पत्रकार वार्ता कर तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा को बताया। इस बार बाबा कीनाराम का जन्मोत्सव समारोह रामगढ़ मठ में 13 से 15 सितम्बर को मनाया जायेगा। जानकारी देते हुए मेजर अशोक सिंह ने बताया कि भोर में किनेश्वर महादेव को कांवरियों द्वारा जलाभिषेक किया जायेगा। ततपश्चात महिलाओं द्वारा सोहर गीत होगा। सुबह 8 बजे से मानस पाठ महानन्द तिवारी,मुन्ना पाण्डेय व प्रभात मिश्रा द्वारा किया जायेगा। सुबह 10 बजे से रामायण गान महानंद तिवारी द्वारा प्रस्तुत होगा। 12 बजे से चार बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम क्षेत्रीय स्कूल कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा किया जाएगा।

### अज्ञात हमलावरों ने अधेड़ को मारी गोली

**गाजीपुर।** शादियाबाद थाना अंतर्गत रामकेर यादव (42) पुत्र रामचंद्र यादव निवासी धावा फरीदपुर को अज्ञात हमलावरों ने दोपहर में मौडीडीह गांव के पास सड़क के किनारे मड़ई के पास गोली मार दी। गोली रामकेर यादव को दाहिने तरफ पजरी में लगी। इस बीच हमलावर वहां से फरार हो गए। जिसके बाद रामकेर ने तत्काल भुड़कुड़ा पुलिस को गोली मारने की सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक तारावती ने उच्चाधिकारियों को सूचना दी और मौके पर पहुंच गई और रामकेर को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया, जहां स्थिति नाजुक होने पर रामकेर को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

### समस्याओं को लेकर एडीएम से मिले सपाई

**चंदौली।** मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर सपा मजदूर सभा का एक प्रतिनिधि मंडल सपा मजदूर सभा जिलाध्यक्ष चंद्रभानु यादव के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी अभय कुमार पांडेय से मिलका और जिलाधिकारी चंदौली संबोधित पत्रक सौपा। सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने कहा कि मुगलसराय विधानसभा केगांवों एवं क्षेत्र में कोई कार्य नहीं हो रहा है जिससे विधानसभा की सड़के चलने लायक नहीं है। नहर मरम्मत की अभाव में पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा है जिससे लोगों में सरकार के प्रति भयंकर आक्रोश व्याप्त है। इस सरकार में किसी भी समस्याओं का हल और समाधान नहीं हो पा रहा है, वहीं मजदूर सभा जिलाध्यक्ष चन्द्रभानु यादव ने कहा कि पटनवा सेंगर के मुख्य मार्ग खराब होने के कारण लोगों को तीन वर्षों से पानी में जाने को मजबूर है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल करने बावजूद भी पटनवा और सेंगर की सड़क और नालियां का निर्माण नहीं हो पाया।

# बेटे की आदतों से परेशान मां-बाप और बहन ने किया खुदकुशी का प्रयास

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

♦ मां-बाप और बेटी ने एक दूसरे का हाथ बांधकर गंगा में लगाई थी छलांग

सैदपुर तहसील अंतर्गत गंगा पुल से अपनी पत्नी व बेटी का हाथ अपने हाथ से बांधकर एक साथ नदी में छलांग लगाने वाले परिवार के मुखिया ने ऐसा क्यों किया सभी जानना चाहते हैं? यह जानकर हैरान होंगे कि परिवार ने यह खौफनाक कदम इसलिए उठाया, क्योंकि वह अपने बड़े बेटे की बुरी हरकतों से आजिज आ गए थे। बेटे की गलत आदतें, उसका दलित बस्ती में एक लड़की से नाजायज संबंध होना, आए दिन दारू पीकर घर में उत्पादन करना तथा मोहल्ले एवं लोगों के रोज ताने सुनना। इससे माता-पिता एवं परिवार के अन्य सदस्य आहत थे। वह घुट- घुट कर जिंदगी जी रहे थे। घर की इकलौती बेटी का बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। ऐसे में परिवार ने आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम उठाया था।

बता दें कि मझिलेपुर निवासी शिवप्रसाद प्रजापति की एक बेटी निकिता और दो बेटे निखिल व उत्कर्ष हैं। शिवप्रसाद घर में ही किराने की दुकान चलाते हैं और उनकी पत्नी रानी उसी में कास्मेटिक की दुकान करती हैं। इकलौती बेटी इंटर की छात्रा है, तो छोटा बेटा भी पढ़ाई कर रहा है।

पिछले कुछ सालों से बड़ा बेटा गलत संगत में पड़कर नशे का आदि हो गया है। प्रतिदिन शराब व सिगरेट पीकर घर में उत्पात मचाना। नशे में आस-पास के लोगों को परेशान करना। इतना ही नहीं पास की बस्ती में रहने वाली दलित युवती से नाजायज संबंध रखना। इसे लेकर परिवार के सदस्यों और बस्ती के लोगों ने बार -बार समझाया, लेकिन वह नहीं माना। माता- पिता व बहन के समझाने पर दारू के नशे में उल्टा झगड़ा करता। इसके चलते घर में आए दिन कलह होती रहती थी। घर में रात-दिन अशांति के कारण बेटी ने ऐसी जिंदगी से अच्छा मर जाना ठीक बताया। घर में आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर माता-पिता भी तैयार हो गए। इसके बाद सैदपुर में मार्केटिंग करने के बहाने वह निकले और पुल पर आकर एक-दूसरे के हाथ में अपना हाथ रस्सी से बांध लिया, ताकि किसी के भी बचने की संभावना एकदम न रह जाए। इसके बाद कूद गए। लेकिन उन्हें क्या पता था कि किसी के जिंदा न बचने की सोच के साथ उनका एक साथ हाथ बांधना ही उन सभी की जान बचाने की सबसे बड़ी वजह बन जाएगी। नदी में छलांग लगाते ही वहां मौजूद मल्लाहों ने उन्हें किसी तरह बचा लिया।बहरहाल, उनके बचने के बाद सब उन तीनों के इस निर्णय को गलत ठहरा रहे हैं। साथ ही बड़े बेटे को भी सभी कोस रहे हैं।

## वृहद गौ आश्रय पजीर्पाह केंद्र का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

# गंदगी देख भड़कीं डीएम, ग्राम सचिव का वेतन रोकने का जारी किया आदेश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

कासिमाबाद क्षेत्र में स्थित बृहद गौ आश्रय पजीर्पाह केंद्र का सोमवार को जिलाधिकारी आयार्का अखौरी ने औचक निरीक्षण किया। गौ आश्रय केंद्र पर निरीक्षण के दौरान केंद्र के चारों तरफ गंदगी की हालत देख संचालक को फटकार लगाते हुए संबंधित सचिव का वेतन रोकने का निर्देश दिया। पशुओं के रख-रखाव, पानी, बिजली, साफ- सफाई, गोबर निवारण, गेट की मरम्मत आदि व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। कहा कि लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र में सोमवार को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने क्षेत्र के बृहद गौ आश्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस बीच पशु आश्रय केंद्र का मुख्य गेट क्षतिग्रस्त मिला। उधर केंद्र पर पशुओं के पीने के लिए पानी, भूसा, पशु आहार, बिजली, साफ-सफाई और गोबर निवारण आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गौ आश्रय केंद्र पर चारो



तरफ गंदगी का अंबार देख भड़क गई। इस दौरान संचालक को फटकार लगाते हुए संबंधित ग्राम सचिव का वेतन रोकने का निर्देश दिया। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा पशु आश्रय केंद्र पर पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था बिजली की व्यवस्था, साफ सफाई और गोबर निवारण की व्यवस्था जल्द से जल्द सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। कहा कि लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित कुमार से उन्होंने पशुओं के लंपी और गला घोटू रोग के महामारी को देखते हुए टीकाकरण को लेकर पूछताछ की। जिस पर पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी पशुओं का टीकाकरण पूर्ण होना बताया। उन्होंने कहा कि पशुओं के रखरखाव की व्यवस्था में लापरवाही अक्षम नहीं होगी। इस मौके पर एसडीएम राजेश प्रसाद, खंड विकास अधिकारी भीमराव प्रसाद, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित कुमार , एडीओ पंचायत धनंजय यादव सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

### वाहन के कगजातों में आए कमी पर स्कूल की होगी मान्यता रद्द

**चंदौली।** जिला विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को कलेक्टर सभागार में हुई। इसमें निर्धारित एजेंडा पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। विद्यालय प्रबंधन को निर्देश देते हुए कहा कि यदि उनके स्कूली वाहनों से बच्चों के आवागमन होता है तो वे अनिवार्य रूप से विद्यालय सड़क सुरक्षा परिवहन यान समिति का गठन करें। इसकी सूचना विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करें।वे स्कूली वाहनों के समस्त प्रपत्रों जैसे-परमिट, फिटनेस, बीमा आदि का नवीनीकरण करा लें साथ ही सुरक्षा के दृष्टिगत स्कूली वाहनों में सीसी टीवी व जीपीएस लगवा लें।

### ट्रेन की चपेट में आने से भेंड़ पालक व 150 भेंड़ों की मौत

**गाजीपुर।** जनपद के खालिसपुर ग्राम के पास रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे खालिसपुर ग्राम के नजदीक ट्रेन से कटकर भेड़ पालक सहित 150 भेड़ों के कट गई।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की देर शाम बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस बलिया से गाजीपुर की ओर आ रही थी। दूसरी तरफ भेड़ चराने वाले अपनी भेड़ को लेकर रेलवे लाइन के किनारे से यूसुफपुर की तरफ बढ़ रहे थे। तभी अचानक बरौनी- गोंदिया एक्सप्रेस ट्रेन आई तो रेलवे ट्रैक पर चल रही भेड़ एक के बाद एक कटना आरंभ हो गई। भेड़ पालक ग्राम नागपुर जिला बक्सर निवासी रामपाल प्रसाद (70) बताया गया है। अपनी भेड़ों को बचाने के लिए वह इधर-उधर भागने लगा। परिणाम स्वरुप वह भी ट्रेन के चपेट में आ गया। क्योंकि कई भेड़ पालक साथ थे। ट्रेन की चपेट में आने से रामपाल प्रसाद ट्रेन से टकरा गया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कठवा मोड चौकी इंचार्ज तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत सिंह व उप जिलाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। घटना स्थल पर स्थिति का जायजा लेने के बाद अधिकारियों ने गड्ढा खुदवा कर भेड़ को दफना दिया।

## शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए फिर बनाएं मोदी सरकारः शालिनी

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**

(चंदौली)।भारत आज विश्व के सबसे शक्ति शाली देश बनने की तरफ अग्रसर है। जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। आगामी लोकसभा चुनावों में एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का कार्य करें।उक्त विचार पूर्व वाराणसी लोकसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेत्री शालिनी यादव ने पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान कही ।

उन्होंने कहा कि पहले जहां यूपी बीमारू राज्य कहा जाता था। वहीं प्रदेश विकास की नई गाथा लिख रहा है।श्रीमती यादव ने कहा कि मैं चंदौली की बहू हूं और मुगलसराय आना अपने घर आने जैसा है। शालिनी पूर्व राज्य सभा उपसभापति बाबू श्याम लाल यादव जी की बहू हैं।अलीनगर सकलडीहा रोड स्थित ज्योति कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर शालिनी का जोरदार स्वागत किया गया।इस दौरान विद्यालय प्रबंधक सत्यदेव गुप्ता ने श्रीमती यादव को



अंगवस्त्रम एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।समारोह की अध्यक्षता सतीश चौहान जिलाध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ भाजपा के सतीश चौहान ने किया। स्वागत करने वालों में विमलेश कुमार,बिरेंद्र प्रताप सिंह, बबलू सिंह, राहुल सिंह,अजीत, सुनील केशरी, प्रदीप केशरी,पारस यादव,मुनेश्वर अग्रहरी, अनिल मौर्य, प्रकाश मंडल,सनोज कुमार,हेमंत विश्वकर्मा, ई.मनोज यादव,अनिता कुशवाहा, नविता शर्मा, तापसी मंडल, राजकुमारी यादव, सीमा कुमारी,रीना देवी, संतोषी कुमारी, सरोज देवी आदि लोग मौजूद रहे।

### चंदौली में 16 तक चलेगा टीकाकरण अभियान

**चंदौली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदौली से सोमवार को सघन मिशन इंद्रधनुष-5 कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे द्वारा किया गया। इस दौरान 11 जानलेवा बीमारियों टी.वी., पोलियो, डायरिया, निमोनिया, काली खांसी, गलाघोटू, टिटनेस, हेपेटाइटिस-बी, खसरा, रूबेला इत्यादि से बचाव हेतु पूर्णतः प्रतिरक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। तीन चरणों में से प्रथम चरण 7 अगस्त से 12 अगस्त तक चला, जिसमें पूरे राज्य में जनपद चंदौली की स्थिति छठे स्थान पर रही है। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण 11 से 16 सितंबर तक चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत जनपद चंदौली में कुल 1357 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिसमें शून्य से 5 वर्ष के कुल 3401 बच्चों एवं 827 गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित है। इसके बाद नौ से 14 अक्टूबर तक तीसरा चरण संचालित होगा । निर्धारित लक्ष्य के अतिरिक्त जो भी बच्चे व गर्भवती महिलाएं वंचित हैं उनका समय अंतर्गत टीकाकरण अवश्य कराया जाए।

## अन्त्योदय राशन कार्ड पर लाभुकों को मिलेगा 35 किग्रा खाद्यान्न

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजना के तहत वितरण के लिए आवंटित गेहूँ तथा चावल का अन्त्योदय राशन कार्ड पर 14 किग्रा गेहूं तथा 21 किग्रा चावल (35 किग्रा खाद्यान्न) प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्ड से संबद्ध यूनिटों पर दो किग्रा गेहूँ व तीन किग्रा चावल (पांच किग्रा खाद्यान्न) प्रति यूनिट के आधार पर निःशुल्क वितरण किया जाना है।

अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास जुलाई से सितंबर तक 01 किग्रा चीनी प्रति परिवार प्रति माह की दर से त्रैमास जुलाई, अगस्त, सितंबर, के सापेक्ष 03 किग्रा चीनी प्रति कार्ड रू0-18/-प्रति किग्रा की दर से रू0-54/-में चीनी का वितरण किया जाना है। भारत सरकार द्वारा एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को एक जनवरी से एक वर्ष के लिए निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराए जाने विषयक निर्णय के क्रम में माह सितंबर में आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण कराया जाना है।

जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक उचित दर दुकान पर खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिनका दायित्व है कि वितरण के पूर्व खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन कर लें तथा आख्या संबंधित उप जिलाधिकारी के कार्यालय में प्रेषित करें।राशन कार्डधारकों को पोर्टिबिलिटी के अंतर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यदि किसी कार्डधारक को अपनी राशन की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने में असुविधा हो तो वह पोर्टिबिलीटी के माध्यम से किसी अन्य उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकता है। उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम 23 सितंबर ही नियत होगी। जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए 23 सितंबर को मोबाइल ओटीपी बेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जाएगा। उन्होंने विक्रेताओं को उचित दर खाद्यान्न देने का निर्देश दिया।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर काव्य एवं विचार गोष्ठी आयोजित

# सियासत के दौर में कहीं लूट ना लें डोली को सियासी कंहारे...

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में आधुनिक मीराबाई के नाम से दुनिया में विख्यात मशहूर कवियत्री महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर काव्य एवं विचार गोष्ठी की गई। महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सुहवल इंटर कालेज परिसर स्थित रामायन राय स्मृति सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने नवोदित लेखिका एवं कवियत्री अनुश्री को महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया। इसके बाद गोष्ठी में शामिल सभी कवियों और वक्ताओं को रेवतीपुर



ब्लाक के अध्यक्ष संजय कुमार श्रीवास्तव और महासभा के कोषाध्यक्ष विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने माल्यार्पण कर एवं अंगम- वस्त्रम- प्रदान कर सम्मानित किया। विचार गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने महादेवी वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए उन्हें हिंदी साहित्य की महान कवयित्री बताया और कहा कि समाज के पुरखों के इतिहास को जिंदा रखने की जरूरत है। कहा कि जो समाज अपने पुरखों को याद नहीं करता, उसकी पहचान स्वतः समाप्त हो जाती है। किसी भी समाज की पहचान उसके पुरखों और महापुरुषों के इतिहास से होती है।

उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि पर समाज के सभी लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और इस अवसर को महापर्व के रूप में मनाना चाहिए। समाज के सभी महापुरुषों की तस्वीर अपने- अपने घरों में लगाएं और उनका इतिहास आने वाली पीढ़ियों को अवश्य बताएं। इस गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता डीएवी इंटर कालेज के पूर्व प्रवक्ता प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने महादेवी जी को नमन करते हुए कहा कि महादेवी ने स्वतन्त्रता के पहले का भारत भी देखा और उसके बाद का भी। वे उन कवियों में से एक हैं, जिन्होंने व्यापक समाज में काम करते हुए भारत के भीतर विद्यमान हाहाकार, रुदन को देखा, परखा और करुण होकर अंधकार को दूर करने वाली दृष्टि देने की कोशिश की। अपने काव्य में उपस्थित विरह वेदना और भावनात्मक गहनता के चलते ही उन्हें आधुनिक युग की मीरा कहा गया। उन्हें हिन्दी साहित्य के सभी महत्त्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव प्राप्त है। भारत के साहित्य आकाश में महादेवी वर्मा का नाम ध्रुव तारे की भाँति प्रकाशमान है। गत शताब्दी की सर्वाधिक लोकप्रिय महिला साहित्यकार के रूप में वे जीवन भर पूजनीय बनी रहीं और पूज्यनीय बनी रहेंगी। विचार गोष्ठी के उपरांत काव्य गोष्ठी में अपनी रचनाओं के माध्यम से कवियों ने देश में लगातार बढ़ रही धार्मिक कट्टरता, और समाज की कुरीतियों और कुप्रथाओं तथा राजनीतिज्ञों, नौकरशाहों के लगातार गिरती नैतिकता पर तंज और व्यंग्य कहते हुए कवियों ने महादेवी वर्मा को नमन किया।

## एक नजर

### ब्राह्मण विरोधी टिप्पणी पर परशुराम सेवा समिति ने एसपी से की शिकायत, कार्रवाई की मांग

**चंदौली।** सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर कथित ब्राह्मण विरोधी टिप्पणी से आहत भगवान परशुराम सेवा समिति के सदस्यों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार से पुलिस लाइन में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पंडित व ब्राह्मण समाज को अपमानित करने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की हैं। दौरान समिति के पदाधिकारी ने कहा कि सोशल साइट इंस्टाग्राम पर आकाश अहिरान् आकाश बिहारी नमक आईडी से बीते तीस अगस्त को एक वीडियो वायरल किया गया है। जिसमें युवक द्वारा पंडित समाज को गाली देने तथा काटने की धमकी दी जा रही है।कहा कि ऐसा वीडियो डाल कर ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत की गई है और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई है। जिसे ब्राह्मण समाज कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगा। सचिव पंकज कुमार पांडेय ने कहा कि हमने पुलिस अधीक्षक से मिलकर उस व्यक्ति के ऊपर कारवाई करने की पुरजोर वकालत की है। पुलिस अधीक्षक द्वारा समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया गया है कि प्रकरण को गंभीरता से लिया जाएगा।



### मुहम्मदाबाद ब्लॉक में जलजमाव को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया प्रदर्शन

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद विकास खंड कार्यालय मुहम्मदाबाद परिसर में स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के ठीक सामने पूरे परिसर में घुटने भर कीचड़युक्त जलजमाव व गंदगी फैलने से बाल विकास परियोजना कार्यालय में प्रतिदिन आने वाले लोग एवं आंगनबाड़ी केंद्र की महिलाओं को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। कार्यालय के ठीक सामने लगे गंदे पानी व जलजमाव की समस्या को तत्काल निदान करने को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने खंड विकास कार्यालय परिसर में सोमवार को कीचड़ में खड़े होकर प्रदर्शन किया और विकास खंड के अधिकारियों को आईना दिखाने का काम किया। आंगनबाड़ी कार्यकताओं का कहना है कि हम लोग प्रतिदिन इस कीचड़ भरे गंदे पानी व जल जमाव से होकर अपने कार्यालय में आते जाते हैं, लेकिन किसी भी अधिकारी का ध्यान इस गंदे जल जमाव के तरफ नहीं जाता। यहां तक कि हम लोगों के शौचालय में भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसमें महिलाओं को शौच आदि के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस गंदगी एवं जलजमाव के चलते संक्रामक बीमारी डेंगू मलेरिया आदि फैलने का भी खतरा हम लोगों के अंदर बना रहता है। आए दिन इस कार्यालय पर हम लोगों का काम रहता है। डर यह लगता है कि किसी दिन हम लोग डेंगू जैसे गंभीर बीमारियों की चपेट में न आ जाएं।



### 11 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आंगन की मिट्टी का संकलन कर कलश में संग्रहित किया

**गाजीपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में मेरी माटी, मेरा देश अभियान अंतर्गत जखनियां विधानसभा के बरहट गांव के स्व. जगरनाथ द्विवेदी, रामकृत सिंह, रामवृक्ष सेठ, सनतन सेठ, रामदेव सेठ, शिवा सेठ, बुद्धिराम गुप्ता , केदार गुप्ता, राजवंशी सिंह, रामनाथ सिंह एवं बालचंद्र यादव सहित कुल 11 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के घरों सहित गांव के प्रत्येक घरों के आंगन कि मिट्टी का संकलन कर कलश में संग्रहीत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश के प्रति सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा शहिदों के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं का यह अनुपम कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा राष्ट्र के प्रति मर मिटने वालें लोगों के सम्मान में लगातार कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सदैव सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कि जाती रही है। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं द्वारा तिरंगा झंडा के साथ देश देशभक्ति नारे भी लगाए गए। लोगों ने गर्व एवं उत्साह से स्वागत किया। इस अवसर पर ओमकार सिंह, जगदीश सिंह, नन्दलाल वर्मा, संतोष सिंह, प्रदीप सिंह, विनोद सिंह, गौरव सिंह आदि उपस्थित थे।



### चंदौली की आवाज को लेकर जौनपुर पहुंची न्याय पदयात्रा, आंदोलन को मिला समर्थन

**चंदौली।** चंदौली से दिल्ली के लिए निकली न्याय पदयात्रा तीसरे व चौथे दिन जौनपुर जनपद के सरहद में चंदौली के न्याय के लिए आवाज बुलंद करती नजर आई। इस दौरान अधिवक्ता झन्मेजय सिंह की अगुवाई में पदयात्रियों ने कदमताल किया। ऐसे में जगह-जगह लोगों ने माल्यार्पण कर पदयात्रा का स्वागत एवं सम्मान किया। साथ ही उनके आंदोलन को समर्थन देने का ऐलान भी किया। जौनपुर में करणी सेना के जिलाध्यक्ष व स्थानीय अधिवक्ताओं ने पदयात्रा में शामिल अधिवक्ताओं का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अधिवक्ता झन्मेजय सिंह ने बताया कि चंदौली जिला मुख्यालय के विकास के साथ जिला न्यायालय के निर्माण के मुद्दे को लेकर विगत चार दिनों से पदयात्रियों का दल पैदल यात्रा कर रहा है। चंदौली से शानदार व सम्मानजनक विदाई के बाद वाराणसी के लोगों को ढेर सारा स्नेह व साथ व भरोसा प्राप्त हुआ, जिसने में पदयात्रियों में नई ऊर्जा का संचार करने का काम किया। कहा कि हम सभी 26 साल से उपेक्षित चंदौली के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसमें चंदौली के लोगों के साथ ही वाराणसी और जौनपुर में लोगों को साथ मिला। हम सभी अपने लक्ष्य को लेकर दृढ़ संकल्प के साथ अपने अगले पड़ाव लखनऊ के लिए पैदल आगे बढ़ रहे हैं। वहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर अपनी बातों को मजबूती से रखने व कहने का प्रयास होगा।

### कोपागंज पुलिस ने एक बेलोरो से आठ पेटी अंग्रेजी शराब किया बरामद, चालक फरार

**मऊ ।** कोपागंज पुलिस को 10 सितम्बर की रात्रि 11.30 बजे थाना क्षेत्र के डाड़ी तिराहे के पास चेकिंग के दौरान एक बोलेरो वाहन से 8 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद करने में सफलता मिली है। जबकि बोलेरो चालक वाहन खड़ा कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार एस आई संजय राय अपने हमराहियों के साथ थाना क्षेत्र के डाड़ी तिराहे परवाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि एक बोलेरो आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोकने का इशारा किया तो उसका चालक तेज गति से वाहन मऊ की तरफ भगा ले गया। पीछा करने पर बोलेरो चालक ने वाहन किनारे झाड़ियों में खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें से 8 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। छानबीन में पुलिस को पता चला कि बरामद अंग्रेजी शराब जिला आजमगढ़ बिक्री के लिए उतारना था, लेकिन उसे मऊ में अवैध रूप से बेचने के लिए भेजा गया था। बोलेरो भी सठियांव, आजमगढ़ के एक व्यक्ति के नाम रजिस्टर्ड है।